# पैंतीस परिवारों की शिफ्टिंग का विरोध, अरेड़ी से अवैध कब्जा हटा

### दीपक नगर बस्ती से बाग मुगालिया में शिफ्ट किया



**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल**

भोपाल के दीपक नगर बावड़ियाकलां स्थित एक झुग्गी बस्ती से शनिवार को जिला प्रशासन ने 35 परिवारों को आनन-फानन में बाग मुगालिया एक्सटेंशन में शिफ्ट कर दिया। जहां शिफ्टिंग की गई, वहां ग्रीन बेल्ट है और ऊपर से हाईटेंशन लाइन भी गुजरी है। ऐसे में हरियाली के साथ आम लोगों की जिंदगी पर भी संकट खड़ा हो गया है। इसका लोगों ने विरोध जताया है। इधर, अरेड़ी से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा हटाया गया।

पर्यावरणविद् एवं एक्सटेंशन के रहवासी उमाशंकर तिवारी ने बताया कि दीपक नगर बस्ती में परिवार करीब 32 साल से रह रहे थे। शनिवार को कोलार एसडीएम और तहसीलदार ने इन्हें बाग मुगालिया एक्सटेंशन में श्मशान घाट के सामने खाली पड़ी जगह पर शिफ्ट कर दिया। यहां सैकड़ों पेड़ लगे हैं। पेड़ के बीच में जगह देने की बात कही गई। वहीं, यहां से हाईटेंशन लाइन भी गुजरी है। इस मामले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से भी शिकायत की गई है। साथ ही जनप्रतिनिधियों से मांग की गई कि लोगों का पुर्नवास बेहतर तरीके से किया जाए। इससे हरियाली भी बच सकेगी। अरेड़ी में सरकारी जमीन से अवैध कब्जा भी हटाया गया।

### अरेड़ी में प्रशासन की कार्रवाई...अवैध कब्जा तोड़ा

इधर, शनिवार को प्रशासन ने अवैध कब्जे को लेकर बड़ी कार्रवाई की। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया एवं अतिरिक्त तहसीलदार अतुल शर्मा के नेतृत्व में ग्राम अरेड़ी स्थित शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 292 एवं खसरा नंबर 293 की कुल रकबा 02 एकड़ पर से अवैध कब्जा हटाया गया । इसकी शासकीय गाइडलाइन मूल्य करीब 2 करोड़ रुपए है, लेकिन बाजार मूल्य 5 करोड़ रुपए आंका गया है। यह सरकारी जमीन अवैध कब्जे से मुक्त कराकर यह सरकारी प्रोजेक्ट लाया जाएगा।

## डॉ. यादव ने सफल परीक्षण के लिए वैज्ञानिकों को दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उच्च तकनीक से लैस उन्नत अग्नि मिसाइल के सफल परीक्षण और इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए डीआरडीओ इंडिया एवं 'मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल' को तैयार करने वाले वैज्ञानिकों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का रक्षा कवच और अधिक सशक्त हो रहा है। भारत रक्षा क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप, ओडिशा से उन्नत अग्नि मिसाइल के सफल परीक्षण से आत्मनिर्भर भारत का संकल्प सिद्ध हुआ है। '

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020: अकादमिक गुणवत्ता के लिए...

# उच्च शिक्षा एव मप्र हिंदी ग्रंथ अकादमी के तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यशाला हुई

**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं उच्च शिक्षा में अकादमिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम निर्माण एवं चिन्हित विषयों की संदर्भ पुस्तकों की पांडुलिपियों में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं अकादमिक गुणवत्ता परीक्षण' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का 8 एवं 9 मई को आयोजन हुआ। उच्च शिक्षा विभाग एवं मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में भोपाल स्थित पलाश रेसिंडेसी में दो दिवसीय महत्वपूर्ण कार्यशाला में प्रदेशभर के विषय विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, अकादमिक विद्वानों एवं नीति-निर्माताओं ने सहभागिता की। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप, उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रमों एवं संदर्भ ग्रंथ पुस्तकों की गुणवत्ता, प्रासंगिकता तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के समावेश पर व्यापक मंथन किया।




कार्यशाला के प्रथम दिवस पर आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 केवल शैक्षणिक सुधार का दस्तावेज नहीं, बल्कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था को आत्मनिर्भर, मूल्याधारित एवं ज्ञान-केंद्रित बनाने का व्यापक दृष्टिकोण है। सिपाहा ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए तैयार की जा रही पाठ्य सामग्री गुणवत्तापूर्ण, समकालीन तथा भारतीय संदर्भो से समृद्ध होना आवश्यक है। मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के संचालक अशोक कड़ेल ने कहा कि अकादमिक पांडुलिपियों का गुणवत्ता परीक्षण उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस पहल को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी एवं रोजगारोन्मुखी ज्ञान-संसाधनों के निर्माण की दिशा में सार्थक प्रयास बताया। शिक्षा उत्थान न्यास समिति के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने भारतीय ज्ञान परंपरा के समावेश को राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मूल आधार बताते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व, संस्कार और राष्ट्रबोध का निर्माण करना भी है। उन्होंने भारतीय चिंतन, संस्कृति एवं परंपरागत ज्ञान को पाठ्यक्रमों में समाहित करने पर बल दिया। डॉ. कोठारी ने बताया कि प्रदेश, देश का पहला राज्य है जहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं भारतीय ज्ञान परंपरा पर व्यापक कार्य हुआ है। उच्च शिक्षा विभाग की यह पहल अन्य राज्यों के लिए उदाहरण साबित होगी। महर्षि संस्कृत विश्वविद्यालय कैथल हरियाणा के पूर्व कुलपति डॉ. रमेश चंद्र भारद्वाज ने इस कार्यक्रम को वैश्विक स्तर का कार्यक्रम बताया। उन्होंने प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं एवं महाविद्यालयों के प्राध्यापकों एवं लेखकों को धन्यवाद देते हुए उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा भी की।

कार्यशाला के प्रथम तकनीकी सत्र में स्नातक तृतीय वर्ष के 21 विषयों के लिए तैयार पाठ्यक्रमों एवं पांडुलिपियों का विशेषज्ञों द्वारा गहन परीक्षण किया गया। विषय विशेषज्ञों ने पाठ्य सामग्री की अकादमिक गुणवत्ता, भाषा, तथ्यात्मक शुद्धता, समसामयिकता एवं विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुरूप उपयोगिता पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।

द्वितीय तकनीकी सत्र में डॉ. रविन्द्र कान्हेरे ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही विकसित भारत और विकसित मध्यप्रदेश की आधारशिला है। इसके उपरांत भारतीय ज्ञान परंपरा संदर्भ पुस्तक की पांडुलिपि का परीक्षण किया गया। कार्यशाला के द्वितीय दिवस में भारतीय ज्ञान परंपरा संदर्भ पुस्तक की पांडुलिपि का प्रस्तुतीकरण किया गया तथा 21 विषयों के लिए तैयार पाठ्यक्रमों के परीक्षण का शेष कार्य संपन्न हुआ। विभिन्न विषयों के अध्यक्षों द्वारा प्रस्तुतिकरण के माध्यम से पाठ्यक्रमों की विशेषताओं, उद्देश्यों एवं नवाचारों पर प्रकाश डाला गया।

कार्यशाला के दौरान उच्च शिक्षा विभाग की भारतीय ज्ञान परंपरा शीर्ष समिति की बैठक भी आयोजित हुई, जिसमें भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित अध्ययन सामग्री, पाठ्यक्रम विकास एवं भावी कार्ययोजना पर गंभीर विमर्श किया गया।

साथ ही शोध गतिविधियों एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विशेष बैठक भी आयोजित की गई। कार्यशाला के समापन अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप तैयार की जा रही अध्ययन सामग्री विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन, नैतिक मूल्यों, भारतीयता एवं शोध प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करेगी। यह कार्यशाला, उच्च शिक्षा में गुणवत्ता, नवाचार एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के समन्वय की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी। कार्यशाला के अंतिम चरण में 'विकसित भारत-मध्यप्रदेश में शिक्षा' विषयक बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, समावेशी एवं भविष्य उन्मुख बनाने के लिए विभिन्न सुझावों पर विचार किया गया। कार्यक्रम का संचालन विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा डॉ. मनोज कुमार सिंह ने किया। आभार प्रदर्शन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

## भोपाल में कई लोग प्रगणकों को नहीं दे रहे जानकारी, ठगी का डर

**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल**

मध्य प्रदेश में 1 मई से जनगणना की शुरुआत हो गई है। यह जनगणना का पहला चरण है। जिसमें एक महीने तक मकान और परिवार से संबंधित 33 बिंदुओं पर जानकारी पूछी जाएगी। इस काम के लिए भोपाल में ही 6 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो शहरी क्षेत्र के 25 जोन में काम करेंगे। जनगणना के बीच प्रगणकों को कई परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। कई लोग प्रगणकों को जनगणना से जुड़ी जानकारी नहीं दे रहे हैं। सामने आया है कि ओटीपी (वन टाइम पॉसवर्ड) से लोगों को ठगी का डर भी है। वहीं, किराएदारों की जानकारी देने पर वे इनकम टैक्स के दायरे में आ सकते हैं? हालांकि, प्रगणक शहरवासियों को समझा रहे हैं कि ऐसा कुछ नहीं है। इसे लेकर नगर निगम की कमिश्नर संस्कृति जैन ने तस्वीर भी साफ की है। उन्होंने बताया कि जनगणना देश का बहुत बड़ा महाअभियान है, जो लोगों के सहयोग के बिना नहीं कर सकते।

### भोपाल में टाइगर का मूवमेंट...दहशत में 7 गांव

# टाइगर ने 10 दिन में पांच गाय और भैंस का किया शिकार लोगों ने रास्ता बदला

**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल**

भोपाल के बैरसिया रोड पर टाइगर के मूवमेंट से 7 गांवों के लोग दहशत में हैं। पिछले 10 दिनों में टाइगर 5 गाय और भैंसों का शिकार कर चुका है। इस वजह से लोगों ने रात में रास्ता बदल लिया है। वे 5 से 6 किलोमीटर घूमकर आना-जाना कर रहे हैं। कनेरा गांव और उससे जुड़े करोंदखुर्द, कड़ैया, छापर, अगरिया, मुगालिया कोट और चांचड़ में टाइगर का मूवमेंट देखा गया है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने बताया कि हलाली नदी के किनारे टाइगर का मूवमेंट लगातार नजर आ रहा है। करीब 10 दिन पहले कनेरा में सबसे पहले टाइगर दिखाई दिया था। वहीं, गुरुवार-शुक्रवार की रात उसने एक और गाय



का शिकार कर लिया। कनेरा समेत आसपास के गांवों में टाइगर का मूवमेंट देखने को मिल रहा है। समेत आसपास के गांवों में टाइगर का मूवमेंट देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि टाइगर रात में ही शिकार कर रहा है। इस वजह से किसानों ने रात में खेतों में जाना बंद कर दिया है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने बताया कि कई लोगों ने रास्ता बदल लिया है। वे 5 से 6 किमी घूमकर आना-जाना कर रहे हैं, ताकि उनका बाघ से सामना न हो। टाइगर के हमले में पांच मवेशियों की मौत हो गई।

### वन विभाग को सूचना दी, पर पता नहीं चला

ग्रामीणों ने टाइगर के मूवमेंट की सूचना वन विभाग को भी दी है। वन विभाग की टीम ने सर्चिंग की, लेकिन टाइगर का पता नहीं चल सका। ग्रामीणों का कहना है कि टाइगर पहाड़ी और नदी किनारे के रास्तों से गांव तक पहुंच रहा है। वह खलिहानों और गांव के बाहर बने घरों में बंधे मवेशियों को अपना शिकार बना रहा है।

### भोपाल में नेशनल लोक अदालत अयोजित

# बिजली, जलकर और संपत्तिकर के सरचार्ज में 100% तक की छूट, 13 हजार लंबित मामलों पर फोकस

**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल**

मध्यप्रदेश में शनिवार 9 मई को इस वर्ष की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की। आम लोगों को त्वरित और सुलभ न्याय देने के उद्देश्य से होने वाली इस लोक अदालत में बिजली बिल, जलकर और संपत्ति कर के सरचार्ज में 100 प्रतिशत तक की छूट का लाभ दिया। इसके साथ ही संपत्ति विवाद, बैंक रिकवरी, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना मुआवजा, पारिवारिक और वैवाहिक विवाद सहित कई मामलों का आपसी सहमति से निपटारा कराया जा रहा है।

**61 पीठों का गठन-** भोपाल में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, बैरसिया स्थित सिविल न्यायालय और श्रम न्यायालयों में एक साथ किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से इसके लिए कुल 61 पीठों का गठन किया गया। इन पीठों में सिविल, बैंकिंग,



पारिवारिक, श्रम और अन्य लंबित मामलों की सुनवाई कर समझौते के आधार पर निराकरण किया जाएगा। बता दें कि, लोक अदालत में इस बार 13 हजार 186 लंबित मामलों को शामिल किया गया है। इसके अलावा श्रम न्यायालयों से जुड़े 233 प्रकरण और 53 अन्य मामलों का भी निपटारा किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना दावा, चेक बाउंस और पारिवारिक विवादों के मामलों पर विशेष फोकस रहेगा ताकि लोगों को लंबी कानूनी प्रक्रिया से राहत मिल सके।

# अब आरआई, पटवारी भी बाल विवाह रोक सकेंगे

**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**

प्रदेश में अब राजस्व निरीक्षक, पटवारी और महिला बाल विकास की सुपरवाइजर को बाल विवाह रोकने के लिए अपने क्षेत्र में कलेक्टर जैसे पॉवर मिल गए हैं। राज्य सरकार ने इन सभी को बाल विवाह के मामलों में सतर्क रहने और सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। महिला और बाल विकास विभाग ने इसके लिए गजट नोटिफिकेशन करके पटवारी, राजस्व निरीक्षक और सुपरवाइजर समेत अन्य अधिकारियों को कार्रवाई के लिए सक्षम प्राधिकारी घोषित किया है। प्रदेश सरकार ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य में राजधानी से लेकर ग्राम स्तर तक बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों की नियुक्ति संबंधी अधिसूचना जारी की है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार जिला स्तर पर कलेक्टर, अतिरिक्त कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी होंगे। वहीं अनुविभागीय स्तर पर एसडीएम, तहसील स्तर पर तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को इसके लिए सक्षम अधिकारी घोषित किया गया है। विभाग ने कहा है कि इसके अलावा ब्लॉक स्तर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला अरेस्ट

### नग़द राशि एवं लग्जरी वाहन सहित लगभग 76 लाख से अधिक की संपत्ति जब्त

**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश में वित्तीय अपराधों एवं आमजन से धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कटनी जिले की एनकेजे थाना पुलिस को व्यापार में निवेश के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। कार्रवाही के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 36 लाख 30 हजार रुपये नगद एवं घटना में प्रयुक्त एक लग्जरी वाहन सहित



76 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी से आरोपी द्वारा स्वयं को रेलवे का कॉन्ट्रेक्टर बताते हुए रेलवे से संबंधित कार्य में निवेश कराने का झांसा दिया गया। आरोपी ने योजनाबद्ध तरीके से विश्वास में लेकर रेलवे ठेका दिलाने एवं उसमें लाभ दिलाने का प्रलोभन दिया तथा छलपूर्वक 36 लाख 30 हजार रुपये की राशि प्राप्त कर ली। बाद में फरियादी को अपने साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास होने पर थाना एनकेजे में शिकायत दर्ज कराई गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

## गोखले की जयंती पर किया नमन

**भोपाल।** डॉ. मोहन यादव ने मां भारती के अमर सपूत और स्वतंत्रता सेनानी स्व. गोपाल कृष्ण गोखले की जयंती पर पुण्य स्मरण कर उन्हें नमन किया है। उनके जीवन से राष्ट्र पुनर्निर्माण के लिए प्रेरणा मिलती रहेगी।

**न्यायालय तहसीलदार वृत्त-3 तहसील-हुजूर जिला भोपाल**

**प्रकरण क्रमांक 819/अ-6/2026-2027**
**मौजा फंदाकलां तहसील हुजूर, भोपाल**

**:: उद्घोषणा पत्र ::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक पूनम डोगरे आ0 श्री कुबेर निवासी ग्राम खारपा तहसील मुलताई जिला बैतूल मध्य प्रदेश के द्वारा म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र MP059692017A1660196 दिनांक 27-11-2017 के आधार पर क्रय की गई भूमि खसरा क्रमांक 346/1, 348/2 रकबा 600 वर्गफीट भूमि स्थित ग्राम फंदाकलां प0ह0न 63 तहसील हुजूर जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के संलग्न रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं राजस्व अभिलेखों की नकल प्रस्तुत की गई है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

2- उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 05.05.2026 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 24.04.2026 को जारी किया गया ।

**तहसीलदार**
**तहसील-हुजूर भोपाल**

# 3000 किमी. दूर उज्बेकिस्तान पहुंचा भोपाल से उड़ा गिद्ध, जीपीएस से हुई निगरानी

### 24 दिन में पाकिस्तान-अफगानिस्तान को पार किया

**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल**

मध्य प्रदेश के भोपाल से उड़ा एक गिद्ध 24 दिन में उज्बेकिस्तान पहुंच गया। गिद्ध ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान को पार कर करीब 3 हजार किलोमीटर की दूरी तय की। वन विभाग ने जीपीएस से उसकी निगरानी की। वन विहार के मुताबिक, सिनेरियस गिद्ध का रेस्क्यू 19 दिसंबर 2025 को विदिशा जिले के सिरोंज क्षेत्र से किया था। घायल और कमजोर अवस्था में मिले इस दुर्लभ गिद्ध का उपचार वन विहार नेशनल पार्क में हुआ। वल्चर कंजर्वेशन ब्रीडिंग सेंटर केरवा में विशेषज्ञों ने गिद्ध का इलाज किया। स्वस्थ होने के बाद इसी साल 23 फरवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे रायसेन जिले के हलाली डैम स्थित प्राकृतिक आवास में मुक्त किया



था। मुक्त किए जाने के बाद यह गिद्ध लगभग एक माह तक हलाली डैम क्षेत्र में ही रहा और प्राकृतिक वातावरण में स्वयं को पुनः अनुकूलित करता रहा। WWF India एवं BNHS के सहयोग से वन विहार ने इस गिद्ध की GPS ट्रेकिंग शुरू की। जिसके जरिए इसकी गतिविधियों एवं प्रवास की वैज्ञानिक निगरानी की जा रही है। ट्रेकिंग से मिली जानकारी के अनुसार, इस गिद्ध ने 10 अप्रैल को हलाली डैम से अपनी लंबी अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रारंभ की।

राजस्थान से होते हुए यह पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान की सीमा पार कर 4 मई को उज्बेकिस्तान पहुंच गया। इस दौरान इसने 3000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की। इससे पहले अप्रैल में भोपाल से उड़ा एक गिद्ध पाकिस्तान पहुंच गया था। राजस्थान के रास्ते पाक के खानेवाल जिले में गिद्ध मिला था। वन विहार नेशनल पार्क को इसकी तब जानकारी लगी, जब गिद्ध में लगे जीपीएस का सिग्नल नहीं मिला। गिद्ध को भोपाल के पास हलाली डैम से 30 मार्च को छोड़ा गया था। यह गिद्धों को उनके बसेरों में छोड़ने के लिए एक वैज्ञानिक रूप से चयनित स्थल है।

रिलीज के बाद यह गिद्ध राजस्थान होते हुए अंतरराष्ट्रीय सीमाएं पार कर 6 अप्रैल तक पाकिस्तान पहुंच गया। 7 अप्रैल को जब इसके मूवमेंट का सिग्नल प्राप्त नहीं हुआ, तब डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया को तत्काल सूचित किया गया। इसके बाद WWF-India ने अपने समकक्ष संगठन डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-पाकिस्तान से संपर्क स्थापित किया। पाकिस्तान वन विभाग एवं WWF-पाकिस्तान ने खानेवाल जिले में इस गिद्ध को सफलतापूर्वक स्थानीय निवासियों से बरामद किया था।

## सिंधी कॉलोनी में आज बिजली कटौती

**भोपाल।** करीब 40 इलाकों में रविवार को 2.30 से 7 घंटे तक बिजली कटौती होगी। इन इलाकों में बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी। इसके चलते सप्लाई पर असर पड़ेगा। जिन इलाकों में बिजली बंद रहेगी, उनमें भारत नगर, रंभानगर, न्यू सिंधी कॉलोनी, पुष्पा नगर, भानपुर, सेमरा, दामखेड़ा, चांदबड़, बजरिया, द्वारका नगर, न्यू कबाड़खाना समेत कई बड़े इलाके भी शामिल हैं।

**NOTICE OF NAME CHANGE**

My name has been incorrectly mentioned as 'MOHAMMAD ALI' in passport no. K5638944. I shall be known as 'MD ALI', which is my correct name. MD ALI, S/o- Samsuddin Qureshi, Present address: C-84, NH-1, NTPC Rihand Nagar, Bijpur, U.P. 231223. Permanent address: Ashiyana Mansion, Ram Manohar Lohiya Ward 5, Ahmad Nagar, Murwara, Katni, MP- 483501.